# लोक शिक्षण संचालनालय

## छत्तीसगढ़

प्रथम तल, खण्ड–सी, इन्द्रावती भवन, अटल नगर

फोन नम्बर– 0771–2331385, फैक्स नम्बर–0771–2445215, Email Id–cg.dpi.dir@gmail.com

क्रमांक / ESTB-101(2)/52/2025/301 नवा रायपुर, दिनांक 26.10.2025

## / /सूचना/ /

## स्पेशल एजुकेटर भर्ती – 2025

संचालनालय के सूचना पत्र क्रमांक ESTB-101(2)/52/2025/271, दिनांक 03.10.2025 के द्वारा स्पेशल एजुकेटर के 100 पदों पर सीधी भर्ती हेतु विस्तृत विज्ञापन जारी किया गया है। संचालनालय के सूचना पत्र क्रमांक/ESTB-101(2)/52/2025/295, दिनांक 18.10.2025 के द्वारा स्पेशल एजुकेटर पद के लिए प्राप्त आवेदनों में से मान्य एवं अमान्य आवेदनों की सूची जारी की गई थी तथा आवेदकों से दिनांक 22 एवं 23 अक्टूबर 2025 को दावा आपत्ति के आवेदन स्वीकार किये गये थे। संचालनालय के दावा आपत्ति समिति द्वारा प्राप्त दावा आपत्ति के आवेदनों का परीक्षण कर निराकरण किया गया है। मान्य किये गये आवेदनों के पश्चात स्पेशल एजुकेटर (प्राथमिक, उच्च प्राथमिक एवं माध्यमिक) के लिए पात्र अभ्यार्थियों की अंतरिम सूची जारी विभाग की वेबसाईट https://eduportal.cg.nic.in पर जारी की जा रही है।

2/ अभ्यर्थियों से उपरोक्त जारी सूची में दावा–आपत्ति आमंत्रित किये जाते हैं। दावा–आपत्ति प्रस्तुत करने के इच्छुक अभ्यर्थी दिनांक 28.10.2025 को दोपहर 12 बजे से सायं 5.00 बजे तक **स्वयं उपस्थित होकर लोक शिक्षण संचालनालय, प्रथम तल, खण्ड–सी, इन्द्रावती भवन, अटल नगर, नवा रायपुर में दावा–आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं।** अभ्यर्थियों को अपने दावे के समर्थन में आवश्यक दस्तावेज संलग्न करना अनिवार्य होगा।

3/ चूँकि पूर्व में आवेदन अमान्य किये गये अभ्यर्थियों से दावा–आपत्ति स्वीकार किया जा चुका है, अतः वर्तमान सूची पर केवल पात्र अभ्यर्थियों से दावा–आपत्ति स्वीकार किया जाएगा।

4/ **उपरोक्त सूची में आवेदक को पात्र दर्शाना आवेदक के चयन का आधार नहीं माना जायेगा।**

संलग्नः–उपरोक्तानुसार।

**उप संचालक**

लोक शिक्षण छत्तीसगढ़

E/Special Educator/spl edu letter